1. पीयूष गोयल ने एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरुआत की

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरुआत की। यह जल कृषकों और खरीदारों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

- यह किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा और निर्यातक सीधे किसानों से गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की खरीद कर सकेंगे।
- ई-सांता टर्म वेबपोर्टल के लिए तैयार किया गया, जिसका अर्थ **इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशन फॉर ऑग्मेंटिंग NaCSA फार्मर्स ट्रेड इन एक्वाकल्चर** है।
- **नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल एक्वाकल्चर** (**NaCSA**), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) की एक विस्तारित शाखा है।
- **ई-सांता किसानों के जीवन और आय को निम्नलिख तरीके से बढ़ाएगा:**
    - जोखिम कम करके
    - उत्पादों और बाजारों के बारे में जागरूकता
    - आय में बढ़ोतरी
    - गलत कामों के खिलाफ रोक
    - प्रक्रियाओं में आसानी

2. NITI आयोग ने पोषण की जानकारी पर आधारित एक डिजिटल कोष 'पोषण ज्ञान' की शुरुआत की

- NITI आयोग ने, बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन तथा सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन केंद्र, अशोका यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में, स्वास्थ्य और पोषण पर आधारित एक राष्ट्रीय डिजिटल कोष 'पोषण ज्ञान' की शुरुआत की।
- पोषण ज्ञान डिजिटल कोष को एक संसाधन के रूप में अवधारणाबद्ध किया गया, जिसे विभिन्न भाषाओं, स्वास्थ्य प्रकारों, लक्षित उपयोगकर्ताओं और स्रोतों में स्वास्थ्य एवं पोषण के 14 विषयगत क्षेत्रों पर संचार सामग्री की खोज के लिए सक्षम किया गया है।

- इस कोष के लिए आवश्यक डिजिटल सामग्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और महिला एवं बाल विकास मंत्रालयों तथा विकास संगठनों से प्राप्त हुई थी।

Theme of April: Ante Natal Care

- **नोट:** इस पोर्टल पर "महीने की थीम" (मुख्य विषयों को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार) तथा "सर्वाधिक डाउनलोड की गई मीडिया सामग्री" (उन सामग्रियों के बारे में जानने के लिए जो दर्शकों द्वारा सबसे अधिक पसंद की जाती हैं) को दर्शाती है।

3. प्रधानमंत्री ने भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ के 95वें वार्षिक सम्मेलन और कुलपतियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अप्रैल, 2021 को भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (AIU) के 95वें वार्षिक सम्मेलन और कुलपतियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया।

- इस कार्यक्रम का आयोजन अहमदाबाद स्थित डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर ओपन यूनिवर्सिटी ने किया है।

- **AIU की स्थापना 1925** में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेताओं के संरक्षण में हुई थी।
- **प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर श्री किशोर मकवाना द्वारा लिखित चार पुस्तकों का विमोचन किया:**
  i. डॉ. अंबेडकर जीवन दर्शन
  ii. डॉ. अंबेडकर व्यक्ति दर्शन
  iii. डॉ. अंबेडकर राष्ट्र दर्शन
  iv. डॉ. अंबेडकर आयाम दर्शन

4. रायसीना डायलॉग -2021

- प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग का 6ठा संस्करण विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।
- यह 13 से 16 अप्रैल, 2021 तक आयोजित किया जा रहा है।

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर रवांडा के राष्ट्रपति महामहिम पॉल कागमे और डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।
- 2021 संस्करण का विषय, **"#वायरलवर्ल्ड: आउटब्रेअक्स, आउटलाइनर्स एंड आउट ऑफ कंट्रोल"** है।
- **नोट: विदेश मंत्री एस जयशंकर** ने रायसीना डायलॉग 2021 की आभासी बैठक में दक्षिण-दक्षिण सहयोग, मानवीय सहायता, आपदा प्रतिरोध पर जोर दिया।
- **रायसीना डायलॉग के बारे में**: यह 2016 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भू-राजनीति और भू-आर्थिक पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है।

5. डॉ. हर्षवर्धन ने 'आहार क्रांति' की शुरुआत की

- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने 'आहार क्रांति' का शुभारंभ किया। यह पोषण तथा भारत में स्थानीय रूप से उपलब्ध

पौष्टिक भोजन, फलों और सब्जियों तक पहुंच स्थापित करने के बारे में समर्पित एक मिशन है।

- माँ अन्नपूर्णा की चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर 'आहार क्रांति' का एक जन आंदोलन के रूप में शुभारंभ किया गया।

- विजनाना भारती (विभा), 'ग्लोबल इंडियन साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोक्रेट्स' फोरम (GIST), विज्ञान प्रसार और प्रवासी भारतीय अकादमिक और वैज्ञानिक सम्पर्क (PRABHASS) "आहार क्रांति" मिशन को लॉन्च करने के लिए एक मंच पर आए हैं। इसका आदर्श वाक्य है- **उत्तम आहार-उत्तम विचार** या अच्छा आहार-अच्छी अनुभूति।



- "आहार क्रांति" आंदोलन को भारत और दुनिया में बहुतायत में भूख और बीमारियों की गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए तैयार किया गया है।
- **नोट:** इस अवसर पर एक मासिक (अंग्रेजी और हिंदी) समाचार पत्र 'आहार क्रांति' का भी विमोचन किया गया है, जो विज्ञान प्रसार द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

6. वैज्ञानिकों ने सबसे दूर गामा रे उत्सर्जक आकाशगंगा की खोज की

- खगोल वैज्ञानिकों ने एक नई सक्रिय आकाशगंगा का पता लगाया है। इसकी पहचान सुदूर गामा रे उत्सर्जक आकाशगंगा के रूप में की गई है।
- इस सक्रिय आकाशगंगा को नेरो लाइन सीफर्ट-1 (NLS1) गैलेक्सी कहा जाता है। यह लगभग 31 बिलियन प्रकाश वर्ग पीछे है।



- विज्ञान और टेक्नोलॉजी विभाग के स्वायत्त संस्थान ARIES के वैज्ञानिकों ने अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं के सहयोग से लगभग 25,000 चमकीला सक्रिय ग्लैक्टिकन्यूकली (AGN) का अध्ययन स्लोन डिजिटल स्काई सर्वे (SDSS) से किया और पाया कि एक विचित्र पींड ऊंचे रेड शिफ्ट पर (एक से अधिक) उच्च ऊर्जा गामा किरण उत्सर्जन कर रहा है। SDSS एक प्रमुख ऑप्टिकल तथा स्पेक्ट्रोस्कोपिक सर्वे है जिसका इस्तेमाल पिछले 20 वर्षों में खगोलीय पींड को देखने के लिए किया जाता है।
- वैज्ञानिकों ने इसकी पहचान गामा किरण उत्सर्जक NLS1 ग्लैक्सी के रूप में की है।
- शोध के लिए वैज्ञानिकों ने विश्व का सबसे बड़ा जमीनी टेलीस्कोप अमेरिका के हवाई स्थित 8.2m सुबारू टेलीस्कोप का इस्तेमाल किया।
- नई गामा रे उत्सर्जक NLS1 तब बनता है जब वर्तमान 13.8 बिलियन पुराने ब्रह्मांड की तुलना में ब्रह्मांड 4.7 अरब वर्ष पुराना होता है।

7. सिद्धार्थ सिंह लोंग्जाम को NADA के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया

- IAS अधिकारी सिद्धार्थ सिंह लोंग्जाम राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) के महानिदेशक का पदभार संभालेंगे।

- लोंग्जाम वर्तमान में खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में सेवारत हैं और वर्तमान में निलंबित नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी (NDTL) के CEO भी हैं।
- वह नवीन अग्रवाल का स्थान लेंगे।
- **राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) के बारे में तथ्य:** यह भारत में अपने सभी रूपों में खेल में डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम को बढ़ावा देने, समन्वय और निगरानी के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय संगठन है।

  मुख्यालय: नई दिल्ली

  स्थापना: 24 नवंबर 2005

8. केन विलियाम्सन ने चौथी बार सर रिचर्ड हैडली पदक जीता

- **न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन** को **2020-21 सीज़न के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट पुरस्कार** में पिछले छह वर्षों में चौथी बार प्रतिष्ठित सर रिचर्ड हैडली पदक के विजेता के साथ 'इंटरनेशनल टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर' चुना गया।
- एमेलिया केर और डेवोन कॉनवे ने 2020-21 के पुरस्कार सत्र के दौरान दोहरे सम्मान से सम्मानित किया गया।

- डेवोन कॉनवे ने पुरुष वनडे और T20 प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीते।
- एमेलिया केर ने महिला T20 प्लेयर ऑफ द ईयर और महिला ड्रीम 11 सुपर स्मैश प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता।